प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

माई भारत बजट क्वेस्ट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से शुरू होने वाले 'माई भारत बजट क्वेस्ट 2026' प्रतियोगिता के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्तर के विजेताओं के साथ बातचीत करेंगे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट पर चर्चा करने और विकसित भारत के निर्माण पर अपने विचार साझा करने के लिए प्रोत्साहन देना है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य युवा प्रतिभाओं को सहभागी शासन और आर्थिक नियोजन से जोड़ना है। इसके साथ ही, ये पहल नीति निर्माण में युवा पीढ़ी की भूमिका को मजबूत करना और 2047 तक आत्मनिर्भर विकसित भारत के निर्माण में योगदान भी देगी। 'माई भारत बजट प्रतियोगिता 2026' में 12 लाख से अधिक युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया और 47 हजार निबंध जमा किए गए। केंद्रीय बजट 2026 व्यापक रूप से युवा शक्ति–प्रेरित बजट माना जा रहा है।

सीजेआई

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत आज मंडी में लगभग एक सौ 52 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए अत्याधुनिक न्यायिक परिसर की आधारशिला रखेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे।

एलपीजी

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि किसी भी खुदरा दुकान या वितरक के पास एलपीजी की कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है। संयुक्त सचिव ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर की जल्दबाजी में बुकिंग नहीं करने और आवश्यकता पड़ने पर डिजिटल बुकिंग करने का आग्रह किया।

पीएमईजीपी

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत जनजातीय जिला किन्नौर में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला उद्योग केंद्र किन्नौर द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। वर्तमान वित्त वर्ष में अब तक 17 उद्यमियों को लगभग एक करोड़ 20 लाख रुपये का ऋण वितरित किया जा चुका है।

पुस्तक मेला

चम्बा जिला के राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में साहित्य उत्सव के दौरान पुस्तक मेला आयोजित किया गया। पुस्तक मेले में विभिन्न राज्यों से आए प्रकाशकों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकाशनों से आए प्रतिनिधियों ने बताया की पहली बार वे चम्बा में आए हैं और इस पुस्तक मेले में उन्होंने अपने स्टॉल लगाए हैं।

वहीं पुस्तक मेले में पहुंचे विद्यार्थियों ने कहा कि मेले में उनकी कई मनपसंद की पुस्तकें मौजूद हैं। विद्यार्थियों ने जिला प्रशासन से भविष्य में भी ऐसे पुस्तक मेलों का आयोजन करने का आग्रह किया।